S.O./STENO(GD-B/GD-I)LDCE - 2018

***जब तक आपको यह परीक्षण पुस्तिका खोलने को न कहा जाए तब तक न खोलें***

**टी. बी. सी. : VTYH-T-IIR**

**परीक्षण पुस्तिका अनुक्रम**

**A**

**क्रम संख्या**

1000021

# परीक्षण पुस्तिका

## प्रश्न-पत्र II

## (कोटि III एवं VII के लिए)

***समय : दो घण्टे*** | ***पूर्णांक : 150***

## अनुदेश

1. परीक्षा प्रारम्भ होने के तुरन्त बाद, आप इस परीक्षण पुस्तिका की पड़ताल अवश्य कर लें कि इसमें कोई बिना छपा, फटा या छूटा हुआ पृष्ठ अथवा प्रश्नांश, आदि *न* हो । यदि ऐसा है, तो इसे सही परीक्षण पुस्तिका से बदल लें ।
2. **कृपया ध्यान रखें कि OMR उत्तर-पत्रक में, उचित स्थान पर, रोल नम्बर और परीक्षण पुस्तिका अनुक्रम A, B, C या D को, ध्यान से एवं बिना किसी चूक या विसंगति के भरने और कूटबद्ध करने की जिम्मेदारी उम्मीदवार की है । किसी भी प्रकार की चूक/विसंगति की स्थिति में उत्तर-पत्रक निरस्त कर दिया जाएगा ।**
3. इस परीक्षण पुस्तिका पर साथ में दिए गए कोष्ठक में आपको अपना अनुक्रमांक लिखना है । परीक्षण पुस्तिका पर ***और कुछ न*** लिखें ।
4. इस परीक्षण पुस्तिका में **120** प्रश्नांश (प्रश्न) दिए गए हैं । प्रत्येक प्रश्नांश **हिन्दी** और **अंग्रेज़ी** दोनों में छपा है । प्रत्येक प्रश्नांश में चार प्रत्युत्तर (उत्तर) दिए गए हैं । इनमें से एक प्रत्युत्तर को चुन लें, जिसे आप उत्तर-पत्रक पर अंकित करना चाहते हैं । यदि आपको ऐसा लगे कि एक से अधिक प्रत्युत्तर सही हैं, तो उस प्रत्युत्तर को अंकित करें जो आपको सर्वोत्तम लगे । प्रत्येक प्रश्नांश के लिए ***केवल एक ही*** प्रत्युत्तर चुनना है ।
5. आपको अपने सभी प्रत्युत्तर अलग से दिए गए उत्तर-पत्रक पर ***ही*** अंकित करने हैं । उत्तर-पत्रक में दिए गए निर्देश देखें ।
6. ***सभी*** प्रश्नांशों के अंक समान हैं ।
7. इससे पहले कि आप परीक्षण पुस्तिका के विभिन्न प्रश्नांशों के प्रत्युत्तर उत्तर-पत्रक पर अंकित करना शुरू करें, आपको प्रवेश प्रमाण-पत्र के साथ प्रेषित अनुदेशों के अनुसार कुछ विवरण उत्तर-पत्रक में देने हैं ।
8. आप अपने सभी प्रत्युत्तरों को उत्तर-पत्रक में भरने के बाद तथा परीक्षा के समापन पर *केवल उत्तर-पत्रक* अधीक्षक को सौंप दें । आपको अपने साथ परीक्षण पुस्तिका ले जाने की अनुमति है ।
9. कच्चे काम के लिए पत्रक परीक्षण पुस्तिका के अंत में संलग्न हैं ।
10. **ग़लत उत्तरों के लिए दंड :**

    **वस्तुनिष्ठ प्रश्न-पत्रों में उम्मीदवार द्वारा दिए गए ग़लत उत्तरों के लिए दंड दिया जाएगा ।**

    (i) प्रत्येक प्रश्न के लिए चार वैकल्पिक उत्तर हैं । उम्मीदवार द्वारा प्रत्येक प्रश्न के लिए दिए गए एक ग़लत उत्तर के लिए प्रश्न हेतु नियत किए गए अंकों का **एक-तिहाई** दंड के रूप में काटा जाएगा ।

    (ii) यदि कोई उम्मीदवार एक से अधिक उत्तर देता है, तो इसे **ग़लत उत्तर** माना जाएगा, यद्यपि दिए गए उत्तरों में से एक उत्तर सही होता है, फिर भी उस प्रश्न के लिए उपर्युक्तानुसार ही, उसी तरह का दंड दिया जाएगा ।

    (iii) यदि उम्मीदवार द्वारा कोई प्रश्न हल नहीं किया जाता है, अर्थात् उम्मीदवार द्वारा उत्तर नहीं दिया जाता है, तो उस प्रश्न के लिए **कोई दंड नहीं** दिया जाएगा ।

***जब तक आपको यह परीक्षण पुस्तिका खोलने को न कहा जाए तब तक न खोलें***

***Note :*** English version of the instructions is printed on the back cover of this Booklet.

1. निम्नलिखित में से कौन-सा शीर्ष प्रत्येक प्राथमिकता शीर्ष को उप-विषयों या पहलुओं (aspects) में विभाजित करने के लिए संदर्भित है ?
   (a) तृतीयक शीर्ष
   (b) द्वितीयक शीर्ष
   (c) विषय शीर्ष
   (d) स्वामित्व शीर्ष

2. फाइलों के क्रम-निर्धारण के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :
   1. अति आवश्यकता क्रम के अंतर्गत *तत्काल*, *प्राथमिकता* और *सर्वोच्च प्राथमिकता* की सलाह दी जाती है ।
   2. *तत्काल* लेबल का प्रयोग केवल उन्हीं मामलों में किया जाएगा जिन पर तुरंत ध्यान देना आवश्यक हो ।
   3. *प्राथमिकता* लेबल का प्रयोग ऐसे मामलों में किया जाएगा जिनका निपटान सामान्य प्रकृति के अन्य मामलों की तुलना में पहले किया जाना हो ।

   उपर्युक्त कथनों में से कौन-से कथन सही हैं ?
   (a) 1, 2 और 3
   (b) केवल 2 और 3
   (c) केवल 1 और 2
   (d) केवल 1 और 3

3. उच्चाधिकारियों द्वारा मौखिक अनुदेशों के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :
   1. जहाँ कोई अधिकारी ऐसे विषयों से संबंधित किसी भी मामले पर कार्रवाई करने के अनुदेश दे रहा हो/रही हो जिन पर निर्णय लेने की शक्ति उस अधिकारी या उसके अधीनस्थ कर्मचारी को प्राप्त है, तो वहाँ उसे सामान्यतः लिखित अनुदेश देना चाहिए ।
   2. तथापि, जहाँ मामले की परिस्थितियाँ ऐसी हों कि लिखित अनुदेश देने का समय नहीं है, तो वहाँ वह बाद में यथाशीघ्र निदेश की लिखित रूप में पुष्टि करेगा/करेगी ।

   उपर्युक्त में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/हैं ?
   (a) केवल 1
   (b) केवल 2
   (c) 1 और 2 दोनों
   (d) न तो 1, न ही 2

4. मंत्रालयों/विभागों के बीच परामर्श के लिए किस प्रकार के पत्र-व्यवहार का प्रयोग किया जाता है ?
   (a) स्वतःपूर्ण टिप्पणी
   (b) विभागीय टिप्पणी
   (c) संदर्भ टिप्पणी
   (d) अंतर-विभागीय टिप्पणी

5. निम्नलिखित में से कौन-सी प्रणाली ऐसे मामलों में लागू होगी जिन्हें ग़ैर-सचिवालयी कार्यालयों द्वारा मंजूरी/आदेश अर्थात् ऐसा निर्णय प्राप्त करने के लिए विभाग को भेजना पड़ता है जो उसकी प्रत्यायोजित शक्तियों में न आते हों ?
   (a) एकल फाइल प्रणाली
   (b) बहु फाइल प्रणाली
   (c) द्वितीयक (डूप्लिकेट) फाइल प्रणाली
   (d) संस्वीकृत फाइल प्रणाली

6. प्राप्त पत्रों का यथाशीघ्र उत्तर देने के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :
   1. यदि ऐसा कोई पत्रादि किसी विभाग को ग़लती से भेज दिया जाता है, तो उसे उपयुक्त विभाग को यथाशीघ्र हस्तांतरित कर दिया जाएगा और उसकी सूचना संबंधित पक्ष को दे दी जाएगी ।
   2. जहाँ किसी व्यक्ति के आवेदन को किसी कारण से स्वीकार नहीं किया जा सकता हो तो ऐसे अनुरोध को स्वीकार न करने के कारण बताए जाने चाहिए ।

   उपर्युक्त में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/हैं ?
   (a) केवल 1
   (b) केवल 2
   (c) 1 और 2 दोनों
   (d) न तो 1, न ही 2

7. अभिलेखों के वर्गीकरण में श्रेणी 'A' से क्या अभिप्राय है ?
   (a) सुरक्षित रखें किंतु उसकी लघु फिल्म नहीं बनाएँ
   (b) सुरक्षित रखें और उसकी लघु फिल्म बनाएँ
   (c) केवल निर्धारित अवधि के लिए सुरक्षित रखें
   (d) अवधि समाप्त होने के बाद भी सुरक्षित रखें

1. Which of the following heads referred to, divide each primary head into sub-subjects or aspects ?

(a) Tertiary heads

(b) Secondary heads

(c) Subject heads

(d) Ownership heads

2. Consider the following statements regarding grading of files :

1. The urgency gradings advised are *immediate, priority,* and *top priority*.
2. The label *immediate* will be used only in cases requiring prompt attention.
3. The *priority* label will be used for cases which merit disposal in precedence to others of ordinary nature.

Which of the above statements are correct ?

(a) 1, 2 and 3

(b) 2 and 3 only

(c) 1 and 2 only

(d) 1 and 3 only

3. Consider the following statements regarding the oral instructions by higher officers :

1. Where an officer is giving direction for taking action in any case in respect of matters on which he/she or his/her subordinate has powers to decide, he/she shall ordinarily do so in writing.
2. If, however, the circumstances of the case are such that there is no time for giving the instructions in writing, he/she should follow it up by a written confirmation at the earliest.

Which of the above statements is/are correct ?

(a) 1 only

(b) 2 only

(c) Both 1 and 2

(d) Neither 1 nor 2

4. The form of communication for consultations between and among the ministries/ departments, used is :

(a) Self-contained note

(b) Departmental note

(c) Reference note

(d) Inter-departmental note

5. Which one of the following will apply to matters which have to be referred by the non-Secretariat office to the department for seeking a sanction/order, i.e. a decision not within its own delegated powers ?

(a) Single file system

(b) Multi file system

(c) Duplicate file system

(d) Sanctioned file system

6. Consider the following statements regarding prompt response to letters received :

1. If any such communication is wrongly addressed to a department, it will be transferred promptly to the appropriate department under intimation to the party concerned.
2. Where the request of a member of the public cannot be acceded to for any reason, reasons for not acceding to such a request should be given.

Which of the above statements is/are correct ?

(a) 1 only

(b) 2 only

(c) Both 1 and 2

(d) Neither 1 nor 2

7. What is the meaning of Category 'A' in categorization of records ?

(a) Keep but do not microfilm

(b) Keep and microfilm

(c) Keep for specified period only

(d) Retained beyond the period

8. निम्नलिखित में से कौन-सा, आवतियों के संबंध में कार्रवाई के लिए सहायक सामग्री का उदाहरण *नहीं* है ?

(a) उत्तरवर्ती के लिए टिप्पणियाँ

(b) स्थायी प्रक्रिया शीटें

(c) स्थायी निदेश (गार्ड) फाइलें

(d) नजीरों (उदाहरणों) का फोल्डर

9. पुनःवर्गीकरण के लिए प्रत्येक वर्गीकृत फाइल की कितने वर्षों में एक बार समीक्षा की जाएगी ?

(a) पाँच वर्ष

(b) चार वर्ष

(c) तीन वर्ष

(d) दो वर्ष

10. नागरिक चार्टर से संबंधित निम्नलिखित क्रियाकलापों पर विचार कीजिए जिन्हें मंत्रालय/विभाग की वार्षिक रिपोर्ट में शामिल करना अपेक्षित है :

1. नागरिक चार्टर लागू करने के लिए की गई कार्रवाई
2. मंत्रालय/विभाग और इसके अधीनस्थ कार्यालयों हेतु नागरिक चार्टर तैयार करने के लिए की गई कार्रवाई
3. आंतरिक और बाह्य समीक्षा के आधार पर नागरिक चार्टर में किए गए संशोधनों का ब्योरा

उपर्युक्त में से कौन-से क्रियाकलाप सही हैं ?

(a) केवल 1 और 2

(b) केवल 2 और 3

(c) केवल 1 और 3

(d) 1, 2 और 3

11. ई-ऑफिस कार्यान्वयन के समग्र ढाँचे में निम्नलिखित में से कौन-सा शामिल *नहीं* है ?

(a) शासन संरचना

(b) डिजिटलीकरण दृष्टिकोण (एप्रोच)

(c) वास्तविक फाइल प्रक्रिया

(d) डिजिटलीकरण प्रक्रिया

12. निम्नलिखित में से किसमें प्रेषक का पता और स्कैनिंग का स्थान जैसी जानकारी होती है ?

(a) प्रशासनिक मेटाडेटा

(b) संरचनात्मक मेटाडेटा

(c) भंडारण मेटाडेटा

(d) विशेषाधिकार (प्रिविलेज) मेटाडेटा

13. निम्नलिखित में से कौन वित्त सलाहकार के परामर्श पर सभी मंत्रालयों/विभागों के लिए कार्य अध्ययन करेगा ?

(a) मंत्रिमंडल सचिवालय

(b) प्रशासनिक सुधार और लोक शिकायत विभाग का कर्मचारी निरीक्षण एकक

(c) कार्मिक विभाग का कर्मचारी निरीक्षण एकक

(d) व्यय विभाग का कर्मचारी निरीक्षण एकक

14. संगठन और पद्धति अध्ययन में निम्नलिखित में से कौन-सा शामिल *नहीं* है ?

(a) सूचना प्रणाली

(b) कार्य मापक अध्ययन करना

(c) फॉर्म का नमूना (डिज़ाइन) और नियंत्रण

(d) कार्यालय अभिविन्यास (ले-आउट)

15. मसौदा (ड्राफ्ट) जारी करने से संबंधित जिम्मेदारियों में निम्नलिखित में से कौन-सा शामिल *नहीं* है ?

(a) प्रेषण की विधि का उल्लेख करना

(b) यह जाँच करना कि क्या सभी अनुलग्नक संलग्न किए गए हैं

(c) बकाया और अन्य विवरणियों की समय पर प्रस्तुति सुनिश्चित करना

(d) अपेक्षित अतिरिक्त प्रतियों की संख्या का उल्लेख करना

8. Which of the following is ***not*** an example of aids to processing of receipts ?

(a) Notes for the successor

(b) Standing process sheets

(c) Standing guard files

(d) Precedent folders

9. Every classified file shall be reviewed once for declassification in :

(a) five years

(b) four years

(c) three years

(d) two years

10. Consider the following activities relating to the Citizens Charter required to be included in the annual report of the ministry/department :

1. Action taken to implement the Citizens Charter.
2. Action taken to formulate the Citizens Charter for the Ministry/Department and its subordinate formations.
3. Details of the revisions made in the Citizens Charter on the basis of internal and external review.

Which of the above activities are correct ?

(a) 1 and 2 only

(b) 2 and 3 only

(c) 1 and 3 only

(d) 1, 2 and 3

11. Which one of the following is ***not*** included in the overall framework of e-Office implementation ?

(a) Governance structure

(b) Digitization approach

(c) Physical file process

(d) Digitization process

12. Which one of the following contains information such as sender address and location of scanning ?

(a) Administrative metadata

(b) Structural metadata

(c) Storage metadata

(d) Privilege metadata

13. Which one of the following will undertake work study for all the Ministries/Departments as a whole on the advice of the Finance Advisor ?

(a) Cabinet Secretariat

(b) Staff Inspection Unit of Department of Administrative Reforms and Public Grievances

(c) Staff Inspection Unit of Department of Personnel

(d) Staff Inspection Unit of Department of Expenditure

14. Which one of the following does ***not*** come under organization and method studies ?

(a) Information system

(b) Undertaking work measurement studies

(c) Forms design and control

(d) Office layout

15. Which one of the following does ***not*** come under responsibilities relating to issue of draft ?

(a) To indicate mode of dispatch

(b) To check whether all enclosures are attached

(c) To ensure timely submission of arrears and other returns

(d) To indicate the number of spare copies required

16. हिंदीतर भाषी राज्यों में स्थित केंद्रीय सरकार के कार्यालयों और केंद्रीय सरकार के स्वामित्व या नियंत्रणाधीन कंपनियों तथा निगमों में हिंदी के प्रयोग संबंधी तिमाही प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करने संबंधी अनुदेश कब जारी किए गए ?

(a) 27 जनवरी, 1976
(b) 27 सितम्बर, 1977
(c) 27 जुलाई, 1977
(d) 27 जनवरी, 1977

17. 'क' और 'ख' क्षेत्र के विनिर्दिष्ट कुछ शहरों में हिंदी के प्रयोग को बढ़ावा देने के लिए गहन प्रयास संबंधी अनुदेश कब जारी किए गए ?

(a) 31 जुलाई, 1975
(b) 31 जुलाई, 1976
(c) 31 जुलाई, 1977
(d) 31 जुलाई, 1978

18. राजभाषा विभाग के दिनांक 25 अक्टूबर, 1969 के कार्यालय ज्ञापन सं. 5/69/69-रा.भा. के अनुसार, किसे हिंदी का कार्य देखने का उत्तरदायित्व सौंपा गया था, जो संबंधित मंत्रालयों/विभागों की राजभाषा कार्यान्वयन समितियों का अध्यक्ष होगा ?

(a) सचिव
(b) अपर सचिव
(c) संयुक्त सचिव
(d) उप सचिव

19. हिंदी सलाहकार समितियों का गठन करने संबंधी मार्गदर्शी सिद्धांत कब जारी किए गए ?

(a) 18 जनवरी, 1976
(b) 18 सितम्बर, 1975
(c) 18 जुलाई, 1976
(d) 18 जनवरी, 1977

20. राजभाषा अधिनियम, 1963 की निम्नलिखित में से किस धारा के अधीन संसदीय राजभाषा समिति गठित की गई ?

(a) धारा 7
(b) धारा 6
(c) धारा 5
(d) धारा 4

21. सरकारी रेलवे के कंपनी प्रबंध में, कंपनी द्वारा किया जाने वाला सारा व्यय किसे सूचित करना होता था और मंजूरी के लिए प्रस्तुत करना होता था ?

(a) सेक्रेटरी ऑफ स्टेट
(b) मंत्रिमंडल सचिव (कैबिनेट सेक्रेटरी)
(c) रेल मंत्री
(d) वित्त मंत्री

22. सरकार द्वारा बंगाल नागपुर रेलवे को कब अपने हाथ में लिया गया ?

(a) 1 अक्टूबर, 1943
(b) 1 अक्टूबर, 1944
(c) 1 अक्टूबर, 1945
(d) 1 अक्टूबर, 1946

23. भारतीय रेल अधिनियम कब अधिनियमित किया गया ?

(a) 1 मई, 1890
(b) 21 मार्च, 1890
(c) 1 अक्टूबर, 1890
(d) 21 सितम्बर, 1890

24. भारत के संविधान के निम्नलिखित में से किस अनुच्छेद के अधीन रेल के अंतर्गत किसी नगरपालिका क्षेत्र में पूर्णतया स्थित ट्राम ***नहीं*** है ?

(a) अनुच्छेद 362(10)
(b) अनुच्छेद 364(20)
(c) अनुच्छेद 366(20)
(d) अनुच्छेद 368(10)

25. रेलवे स्टाफ कॉलेज, वडोदरा किस वर्ष स्थापित किया गया ?

(a) 1952
(b) 1953
(c) 1954
(d) 1956

**16.** Submission of quarterly progress reports regarding use of Hindi by Central Government offices and companies and corporations owned or controlled by the Central Government located in non-Hindi speaking States instructions were issued on :

(a) 27th January, 1976

(b) 27th September, 1977

(c) 27th July, 1977

(d) 27th January, 1977

**17.** Intensive efforts to increase the use of Hindi in certain specified cities of 'A' and 'B' areas instructions were issued on :

(a) 31st July, 1975

(b) 31st July, 1976

(c) 31st July, 1977

(d) 31st July, 1978

**18.** According to the Department of Official Language Office Memorandum No. 5/69/69-O.L., dated 25th October, 1969, who was entrusted with the responsibility of looking after Hindi work will be the Chairman of the Official Language Implementation Committees of the concerned Ministries/Departments ?

(a) Secretary

(b) Additional Secretary

(c) Joint Secretary

(d) Deputy Secretary

**19.** Guiding principles for constituting Hindi Advisory Committees were issued on :

(a) 18th January, 1976

(b) 18th September, 1975

(c) 18th July, 1976

(d) 18th January, 1977

**20.** Under which one of the following sections of the Official Languages Act, 1963, a Committee of Parliament on Official Language has been constituted ?

(a) Section 7

(b) Section 6

(c) Section 5

(d) Section 4

**21.** In Company management of Government Railways, all expenditure by the Company had to be stated and submitted for the sanction of the :

(a) Secretary of State

(b) Cabinet Secretary

(c) Railway Minister

(d) Finance Minister

**22.** Bengal Nagpur Railway was taken over by the Government from :

(a) 1st October, 1943

(b) 1st October, 1944

(c) 1st October, 1945

(d) 1st October, 1946

**23.** The Indian Railways Act was enacted on :

(a) 1st May, 1890

(b) 21st March, 1890

(c) 1st October, 1890

(d) 21st September, 1890

**24.** Under which one of the following Articles of the Constitution of India, Railway does ***not*** include a tramway wholly within a municipal area ?

(a) Article 362(10)

(b) Article 364(20)

(c) Article 366(20)

(d) Article 368(10)

**25.** Railway Staff College, Vadodara, was established in the year :

(a) 1952

(b) 1953

(c) 1954

(d) 1956

26. पुरानी रेलवे दर परामर्शदाता समिति के स्थान पर एक अधिदेशात्मक शक्तियों वाले रेलवे दर अधिकरण की स्थापना किसके अधीन की गई ?

(a) भारतीय रेल (संशोधन) अधिनियम, 1957

(b) भारतीय रेल (संशोधन) अधिनियम, 1956

(c) भारतीय रेल (द्वितीय संशोधन) अधिनियम, 1949

(d) भारतीय रेल (द्वितीय संशोधन) अधिनियम, 1948

27. भारत के संविधान के निम्नलिखित में से किस अनुच्छेद के अधीन रेलवे की अनुमानित वार्षिक प्राप्तियों और व्यय का विवरण, चाहे वह पूँजीगत लेखा से संबंधित हो या राजस्व लेखा से, रेल मंत्री द्वारा संसद के दोनों सदनों के समक्ष प्रस्तुत किया जाता था ?

(a) अनुच्छेद 108

(b) अनुच्छेद 110

(c) अनुच्छेद 112

(d) अनुच्छेद 114

28. तत्कालीन भारतीय रेल लेखा सेवा, वर्ग 'क' में भर्ती किए गए परिवीक्षार्थियों को कितनी अवधि तक व्यावहारिक और सैद्धांतिक प्रशिक्षण लेना होता था ?

(a) छह माह

(b) नौ माह

(c) एक वर्ष

(d) दो वर्ष

29. रेलवे वित्त को सामान्य वित्त से कब पृथक् किया गया ?

(a) 1924

(b) 1926

(c) 1928

(d) 1930

30. स्वाधीनता-पूर्व युग के रेलवे अभिसमय का सर्वप्रथम व्यापक पुनरीक्षण किस अभिसमय समिति द्वारा किया गया ?

(a) 1951 की अभिसमय समिति

(b) 1950 की अभिसमय समिति

(c) 1949 की अभिसमय समिति

(d) 1948 की अभिसमय समिति

31. रेल अभिसमय समिति की निम्नलिखित में से कौन-सी रिपोर्ट भारतीय रेलों पर सामाजिक दायित्व से संबंधित है ?

(a) समिति की नौवीं रिपोर्ट

(b) समिति की सातवीं रिपोर्ट

(c) समिति की पाँचवीं रिपोर्ट

(d) समिति की तीसरी रिपोर्ट

32. दिसंबर, 1978 में प्रस्तुत रेल अभिसमय समिति की चौथी रिपोर्ट किसे शक्तियों का प्रत्यायोजन करने से संबंधित है ?

(a) संबंधित सचिव

(b) महाप्रबंधक

(c) उप महाप्रबंधक

(d) संबंधित संयुक्त सचिव

33. 1977 के अभिसमय के आधारभूत सिद्धांतों में, जबकि फेरी (Ferry) और कर्मचारी कल्याण इमारतों की पूँजीगत लागत को लाभांश के भुगतान से छूट दी गई थी, आवासीय इमारतों की पूँजीगत लागत पर कितने प्रतिशत की दर से लाभांश देय है ?

(a) 2 प्रतिशत

(b) 2·5 प्रतिशत

(c) 3 प्रतिशत

(d) 3·5 प्रतिशत

34. छठी पंचवर्षीय योजना के लिए सिफ़ारिश करने हेतु रेल अभिसमय समिति कब गठित की गई ?

(a) अक्टूबर, 1981

(b) अक्टूबर, 1980

(c) जुलाई, 1981

(d) जुलाई, 1980

26. A Railway Rates Tribunal with mandatory powers, in place of the old Railway Rates Advisory Committee, was set up under :
(a) Indian Railways (Amendment) Act, 1957
(b) Indian Railways (Amendment) Act, 1956
(c) Indian Railways (Second Amendment) Act, 1949
(d) Indian Railways (Second Amendment) Act, 1948

27. Under which one of the following Articles of the Constitution of India, a statement of the estimated annual receipts and expenditure, whether on capital account or on revenue account, of the Railways was laid before both the Houses of Parliament by the Minister of Railways ?
(a) Article 108
(b) Article 110
(c) Article 112
(d) Article 114

28. The probationers recruited to the erstwhile Indian Railway Accounts Service, Group 'A' were required to undergo practical and theoretical training for :
(a) six months
(b) nine months
(c) one year
(d) two years

29. Railway Finances were separated from General Finances in :
(a) 1924
(b) 1926
(c) 1928
(d) 1930

30. The first comprehensive review of the Railway Convention in the post-Independence era was conducted by :
(a) the 1951 Convention Committee
(b) the 1950 Convention Committee
(c) the 1949 Convention Committee
(d) the 1948 Convention Committee

31. Which one of the following reports of the Railway Convention Committee dealt with the social burdens on Indian Railways ?
(a) Ninth report of the committee
(b) Seventh report of the committee
(c) Fifth report of the committee
(d) Third report of the committee

32. The Fourth report of the Railway Convention Committee presented in December, 1978 dealt with the delegation of powers to the :
(a) Secretary concerned
(b) General Manager
(c) Deputy General Manager
(d) Joint Secretary concerned

33. In principles underlying the Convention of 1977, while the capital costs of ferries and staff welfare buildings were exempted from payment of dividend, on the capital cost of residential buildings dividend is payable at :
(a) 2 percent
(b) 2·5 percent
(c) 3 percent
(d) 3·5 percent

34. The Railway Convention Committee was constituted for making recommendations for the Sixth Five-Year Plan in :
(a) October, 1981
(b) October, 1980
(c) July, 1981
(d) July, 1980

**35.** रेल अभिसमय समिति, 1985 द्वारा कितने विचारार्थ विषय चुने गए ?

(a) 10

(b) 13

(c) 16

(d) 19

**36.** रेल अभिसमय समिति (1985) के विचारार्थ विषयों में से एक विषय मूल्यह्रास आरक्षित निधि में किए जाने वाले अंशदान की दर भी थी, यह किस अवधि के दौरान रेलवे परिसंपत्तियों के नवीकरण/प्रतिस्थापन की लागत को पूरा करने के लिए थी ?

(a) सातवीं पंचवर्षीय योजना अवधि

(b) छठी पंचवर्षीय योजना अवधि

(c) चौथी पंचवर्षीय योजना अवधि

(d) दूसरी पंचवर्षीय योजना अवधि

**37.** निम्नलिखित में से किसमें, रेलवे पर किया गया वह व्यय शामिल है जो तत्कालीन भारतीय रियासतों और जिला बोर्डों, आदि द्वारा लगाई गई पूँजी से भिन्न है ?

(a) राजस्व अंशदान

(b) विशिष्ट ऋण

(c) ग़ैर-विशिष्ट ऋण

(d) ग़ैर-राजस्व अंशदान

**38.** मूल्यह्रास आरक्षित निधि में जमा रकम और उस पर अर्जित ब्याज, जो इस निधि के खाते में ही डाला जाता है, किसके पास जमा रहता है ?

(a) केंद्रीय सरकार

(b) भारतीय रिज़र्व बैंक

(c) विश्व बैंक

(d) राज्य सरकार

**39.** निम्नलिखित में से किस अभिसमय के अंतर्गत, विकास निधि के क्षेत्र को रेल परिवहन के सभी उपयोगकर्ताओं के लिए सुविधाएँ जुटाने पर होने वाले व्यय को वहन करने के लिए बढ़ा दिया गया ?

(a) 1972 का अभिसमय

(b) 1968 का अभिसमय

(c) 1962 का अभिसमय

(d) 1954 का अभिसमय

**40.** किसी रेल कर्मचारी को उसके परिवार के किसी सदस्य के यात्रा व्यय की पूर्ति के लिए दूसरा अग्रिम कितनी अवधि के भीतर यात्रा करने पर दिया जा सकता है ?

(a) स्थानांतरण की तारीख से नौ महीने

(b) स्थानांतरण की तारीख से छह महीने

(c) स्थानांतरण की तारीख से तीन महीने

(d) स्थानांतरण की तारीख से दो महीने

**41.** दूसरा त्योहार अग्रिम तब तक मंजूर नहीं किया जाना चाहिए जब तक उसी उद्देश्य के लिए पहले से दिए गए अग्रिम का कितना प्रतिशत वसूल नहीं कर लिया जाता ?

(a) 100 प्रतिशत

(b) 75 प्रतिशत

(c) 50 प्रतिशत

(d) 25 प्रतिशत

**42.** सरकार द्वारा किसी विशेष दैवी (प्राकृतिक) आपदा, जिसके लिए वेतन-अग्रिम की रियायत करना आवश्यक हो, के घोषित किए जाने के बाद कौन उसकी मंजूरी दे सकता है ?

(a) संबंधित सचिव

(b) संबंधित संयुक्त सचिव

(c) संबंधित उप महाप्रबंधक

(d) संबंधित महाप्रबंधक

35. How many subjects were selected for consideration by the Railway Convention Committee, 1985 ?

(a) 10

(b) 13

(c) 16

(d) 19

36. One of the subjects under consideration of the Railway Convention Committee (1985) was the rate at which contribution should be made to the Depreciation Reserve Fund to meet the cost of renewal/replacement of Railway assets during :

(a) the Seventh Five-Year Plan period

(b) the Sixth Five-Year Plan period

(c) the Fourth Five-Year Plan period

(d) the Second Five-Year Plan period

37. Which one of the following represents the expenditure on Railways ***not*** covered by capital contributed by erstwhile Indian States and District Boards etc. ?

(a) Revenue contribution

(b) Specific debt

(c) Non-specific debt

(d) Non-revenue contribution

38. The amount in the Depreciation Reserve Fund together with interest thereon which is also credited to the fund, remains in deposit with :

(a) the Central Government

(b) the Reserve Bank of India

(c) the World Bank

(d) the State Government

39. Under which one of the following Conventions, the scope of the Development Fund was widened to finance expenditure on amenities for all users of Railway transport ?

(a) Convention of 1972

(b) Convention of 1968

(c) Convention of 1962

(d) Convention of 1954

40. A Railway servant may be allowed a second advance to cover the travelling expenses of any member of his family who follows him within :

(a) nine months from the date of transfer

(b) six months from the date of transfer

(c) three months from the date of transfer

(d) two months from the date of transfer

41. A second festival advance should not be sanctioned until the earlier advance sanctioned for the same purpose has been recovered in :

(a) 100 percent

(b) 75 percent

(c) 50 percent

(d) 25 percent

42. After the Government has declared a particular natural calamity as one necessitating the grant of the concession of an advance of pay, it may be sanctioned by the :

(a) Secretary concerned

(b) Joint Secretary concerned

(c) Deputy General Manager concerned

(d) General Manager concerned

43. रेलवे के विरुद्ध दावा देय होने की तारीख से छह महीने के भीतर यदि प्रस्तुत नहीं किया जाता, तो किसकी मंजूरी के बिना उसका भुगतान नहीं किया जा सकता ?

(a) संबंधित सचिव

(b) संबंधित वित्त सलाहकार और मुख्य लेखा अधिकारी

(c) संबंधित उप महाप्रबंधक

(d) संबंधित महाप्रबंधक

44. राज्य सरकारों और केंद्र सरकार के मंत्रालयों या दूसरे विभागों के रेलवे के विरुद्ध अधिप्रभार (ओवर-चार्ज) के दावे तथा राज्य सरकारों या केंद्र सरकार के मंत्रालयों या दूसरे विभागों के विरुद्ध रेलवे के अवप्रभार (अंडर-चार्ज) के दावों को मान लिया जाएगा और स्वीकार किया जाएगा, यदि ये दावे कितनी अवधि के भीतर प्रस्तुत किए जाते हैं ?

(a) नकद भुगतान के मामले में, भुगतान की तारीख से छह महीने

(b) नकद भुगतान के मामले में, भुगतान की तारीख से चार महीने

(c) नकद भुगतान के मामले में, भुगतान की तारीख से तीन महीने

(d) नकद भुगतान के मामले में, भुगतान की तारीख से दो महीने

45. लेखा विभाग के लिए भारतीय रेलवे संहिता में उल्लिखित परिस्थितियों में, कौन अपने प्राधिकार पर व्यक्तिगत दावों की अस्वीकृतियों से संबंधित मामलों में आपत्तियों का अधित्याग कर सकता है ?

(a) अनुभाग अधिकारी

(b) लेखा सहायक

(c) लेखा लिपिक

(d) लेखा अधिकारी

46. निम्नलिखित में से किस शब्द का प्रयोग अंतरण और धनप्रेषण लेनदेन के लिए किया जाता है ?

(a) चल परिसंपत्तियाँ

(b) जवाबी मदें

(c) अचल परिसंपत्तियाँ

(d) लाभांश

47. ऐसे आदेशों को क्या कहते हैं जिनके द्वारा आबंटन किया जाता है ?

(a) बजट आदेश

(b) व्यय आदेश

(c) चल (Rolling) आदेश

(d) कार्य आदेश

48. निम्नलिखित में से कौन-सा, न केवल सरकारी राजस्व व्यय से संबंधित है बल्कि खजाने में जमा की जाने वाली और निकाली जाने वाली सभी प्राप्तियों और संवितरण से भी संबंधित है और सरकारी नकद शेष को प्रभावित करता है ?

(a) अनुदान

(b) व्यय

(c) संसाधन

(d) अर्थोपाय

49. निम्नलिखित में से कौन-सा, वास्तविक और वित्तीय लक्ष्यों और उपलब्धियों को प्रस्तुत करता है ?

(a) परिणामी बजट

(b) बजट आबंटन

(c) निष्पादन बजट

(d) वास्तविक लक्ष्य

50. निम्नलिखित में से किसे केंद्रीय योजना परिव्यय के आंतरिक और बजटेतर संसाधन घटक के साथ-साथ सकल बजटीय सहायता घटक वाले केंद्रीय योजना परिव्यय के आधार पर तैयार किया जाएगा ?

(a) परिणामी बजट

(b) वास्तविक लक्ष्य

(c) निष्पादन बजट

(d) बजट आबंटन

43. No claim against the Railways not preferred within six months of its becoming due, can be paid without the sanction of the :

(a) Secretary concerned

(b) Financial Advisor and Chief Accounts Officer concerned

(c) Deputy General Manager concerned

(d) General Manager concerned

44. Claims of State Governments and other Departments or Ministries of the Central Government against Railways for over-charges and claims of Railways against State Governments or other Departments or Ministries of the Central Government for undercharges will be recognised and admitted if the claims are preferred within :

(a) six months in the case of cash payment, from the date of payment

(b) four months in the case of cash payment, from the date of payment

(c) three months in the case of cash payment, from the date of payment

(d) two months in the case of cash payment, from the date of payment

45. Who may waive objections in cases of disallowances of personal claims on their own authority in the circumstances described in the Indian Railway Code for Accounts Department ?

(a) Section Officer

(b) Accounts Assistant

(c) Accounts Clerk

(d) Accounts Officer

46. Which one of the following terms is used in transfer and remittance transactions ?

(a) Floating assets

(b) Responding items

(c) Fixed assets

(d) Dividend

47. The orders by means of which the allotments are made are called :

(a) Budget orders

(b) Expenditure orders

(c) Rolling orders

(d) Work orders

48. Which of the following deal with not only Government revenue expenditure but also with all receipts and disbursements which enter and leave the treasuries and affect the Government cash balances ?

(a) Grants

(b) Expenditures

(c) Resources

(d) Ways and means

49. Which one of the following gives physical and financial targets and achievements ?

(a) Outcome Budget

(b) Budget Allocation

(c) Performance Budget

(d) Physical Target

50. Which one of the following will be prepared on the basis of the Central Plan Outlay comprising of both the Gross Budgetary Support component as well as the Internal and Extra Budgetary Resources component of the Central Plan Outlay ?

(a) Outcome Budget

(b) Physical Target

(c) Performance Budget

(d) Budget Allocation

51. निम्नलिखित में से किसमें अंतर्निहित धारणा की विशिष्टि वाली अर्थव्यवस्था के विकास प्रत्याशा का निर्धारण शामिल होगा ?

(a) समष्टि-अर्थशास्त्र रूपरेखा विवरण (मैक्रो-इकोनॉमिक फ्रेमवर्क स्टेटमेंट)

(b) राजकोषीय प्रबंधन

(c) व्यष्टि-अर्थशास्त्र रूपरेखा विवरण (माइक्रो-इकोनॉमिक फ्रेमवर्क स्टेटमेंट)

(d) राजकोषीय पारदर्शिता

52. साइडिंग और भूमि एवं भवन के किराए/पट्टे पर देने के अनुरक्षण, आदि प्रभारों के संबंध में जारी किए गए बिलों के लिए वसूलियों पर निगरानी रखने के लिए निम्नलिखित में से किसे उचंत लेखा के रूप में रखा जाता है ?

(a) यातायात उचंत रजिस्टर

(b) माँग वसूली-योग्य रजिस्टर

(c) सहायक रजिस्टर

(d) रोकड़ पंजी (कैश रजिस्टर)

53. निम्नलिखित में से किसका प्रयोग कुछ शाखा (ब्रांच) और अन्य रेलवे को नामोद्दिष्ट करने के लिए किया जाता है जिनका निर्माण सरकार द्वारा प्रदत्त निधि से नहीं किया गया है, लेकिन सरकारी लाइनों के भाग के रूप में प्रचालित होती हैं ?

(a) मूल्यह्रास लाइन

(b) परिचालन अनुपात लाइन

(c) पूँजीगत लाइन

(d) चालित लाइन

54. निम्नलिखित में से किसमें भंडार लेनदेन विवरण और भंडार-सत्यापन एवं भंडार का पुनर्मूल्यांकन के निष्कर्ष दर्शाने वाला विवरण तथा भंडार के ऐसे सत्यापन और पुनर्मूल्यांकन करने के लिए नियोजित एजेंसी का विवरण शामिल होता है ?

(a) भंडार लेखा

(b) असंस्वीकृत व्यय लेखा

(c) लाभ लेखा

(d) हानि लेखा

55. पूँजीगत और राजस्व लेखा को क्या कहते हैं ?

(a) व्यय लेखा

(b) असंस्वीकृत व्यय लेखा

(c) वाणिज्यिक लेखा

(d) खाता लेखा

56. स्टेशन प्रेषणों की प्राप्ति और निपटान तथा रेलवे की अन्य नकद प्राप्ति संबंधी कार्य निम्नलिखित में से कौन निपटाता है ?

(a) आंतरिक लेखा विभाग

(b) समाधान विभाग

(c) वेतन विभाग

(d) रोकड़ विभाग

57. मुख्य रोकड़िया/सहायक मुख्य रोकड़िया को यह सुनिश्चित करने के लिए कि निर्धारित नियम और कार्यविधि का पालन किया जाता है, रोकड़ कार्यालय का कम-से-कम कितनी बार निरीक्षण करना चाहिए ?

(a) तिमाही में एक बार

(b) तिमाही में दो बार

(c) माह में एक बार

(d) माह में दो बार

51. Which one of the following shall contain an assessment of the growth prospects of the economy with specification of underlying assumptions ?

(a) Macro-economic Framework Statement

(b) Fiscal Management

(c) Micro-economic Framework Statement

(d) Fiscal Transparency

52. Which one of the following is maintained in the form of a suspense account to watch recoveries against bills issued in respect of maintenance, etc., charges of sidings and rent/lease of land and buildings ?

(a) Traffic Suspense Register

(b) Demands Recoverable Register

(c) Subsidiary Register

(d) Cash Register

53. Which one of the following is employed to designate certain branch and other Railways which, though not constructed from funds provided by Government are operated as part of the Government lines ?

(a) Depreciation line

(b) Operating Ratio line

(c) Capital line

(d) Worked line

54. Which one of the following consists of the statement of store-transactions and a statement showing the results of stock verifications and revaluation of stores and the agency employed for such verification and revaluation of stores ?

(a) Stores account

(b) Unsanctioned expenditure account

(c) Profit account

(d) Loss account

55. The Capital and Revenue Accounts are known as :

(a) Expenditure Accounts

(b) Unsanctioned Expenditure Accounts

(c) Commercial Accounts

(d) Ledger Accounts

56. Which one of the following deals with the receipt and disposal of station remittances and other cash receipts of the Railway ?

(a) Internal accounts department

(b) Reconciliation department

(c) Pay department

(d) Cash department

57. The chief cashier/assistant chief cashier should inspect the cash office to ensure that the prescribed rules and procedures are being observed at least :

(a) once a quarter

(b) twice a quarter

(c) once in a month

(d) twice in a month

**58.** निम्नलिखित में से कौन-सी एक योजना है जिसके अधीन बैंक का कोई खाताधारक किसी ई.सी.एस. (ECS) प्रयोक्ता को अपने सिस्टम में नामे (डेबिट) जमा के द्वारा निर्धारित आवृत्ति पर राशि की वसूली के लिए प्राधिकृत कर सकता है ?

(a) ई.सी.एस. नामे (डेबिट) सिस्टम

(b) ई.सी.एस. लाभार्थी सिस्टम

(c) ई.सी.एस. कॉर्पोरेट सिस्टम

(d) ई.सी.एस. शाखा सिस्टम

**59.** क्रियाकलाप वर्गीकरण को निरूपित करने वाली माँग के उप-शीर्ष मुख्यतः कैसे होते हैं ?

(a) मासिक सांख्यिकीय विवरणों के साथ एकीकृत

(b) प्रबंधकीय निर्णयन को सुगम बनाने के लिए लागत-उन्मुख

(c) विविध व्यय के साथ विलय

(d) सेवानिवृत्ति लाभ द्वारा समूहीकृत

**60.** कर्मशाला विनिर्माण उचंत लेखा-शेष की समीक्षा कब करनी चाहिए ?

(a) वार्षिक रूप से

(b) अर्धवार्षिक रूप से

(c) त्रैमासिक रूप से

(d) मासिक रूप से

**61.** निम्नलिखित में से कौन-सा इस दृष्टि से देखा जाना चाहिए कि इस लेखे के अंतर्गत प्रदर्शित होने वाली मदें रेलवे पर उद्भूत होने वाले लेनदेनों को निरूपित करती हैं जो अन्य सरकारी विभागों के साथ समायोज्य हैं ?

(a) F-ऋण और अग्रिम

(b) रिज़र्व बैंक उचंत

(c) M-प्रेषण

(d) शाखा लाइन कंपनियों की जमा राशि

**62.** रेलवे पर होने वाले व्यय पर नियंत्रण रखने के एक चरण में सक्षम प्राधिकारी द्वारा मंजूरी देने से पहले सभी अनुमानों की किसके द्वारा नियमित जाँच की जाती है ?

(a) अनुभाग अधिकारी

(b) वित्त अधिकारी

(c) सहायक अनुभाग अधिकारी

(d) कार्मिक अधिकारी

**63.** रेलवे बोर्ड द्वारा संस्वीकृत कनिष्ठ प्रशासनिक ग्रेड तक के किसी पद को बारह माह से अधिक समय तक न भरे जाने के लिए उच्च प्राधिकारी की पूर्व संस्वीकृति आवश्यक है, किंतु यदि यह पद छह माह से अधिक समय से भरा नहीं गया है, तो पद को भरे जाने से पहले इसका औचित्य किसकी सहमति से नए सिरे से स्थापित किया जाता है ?

(a) महाप्रबंधक

(b) उप महाप्रबंधक

(c) वित्त सलाहकार और मुख्य लेखा अधिकारी

(d) विभागाध्यक्ष

58. Which one of the following is a scheme under which an account holder with a bank can authorise an ECS user to recover an amount at a prescribed frequency by raising a debit in his system ?

(a) ECS debit system

(b) ECS beneficiary system

(c) ECS corporate system

(d) ECS branch system

59. The sub-heads of the Demand representing the activity classification are mostly :

(a) integrated with the monthly statistical statements

(b) cost-oriented to facilitate managerial decision-making

(c) merged with miscellaneous expenditure

(d) grouped by retirement benefits

60. The balances under the Workshop Manufacture Suspense Account should be reviewed :

(a) yearly

(b) half-yearly

(c) quarterly

(d) monthly

61. Which one of the following should be seen that the items appearing under this account represent transactions originating on the Railway which are adjustable with other Government Departments ?

(a) F-Loans and Advances

(b) Reserve Bank Suspense

(c) M-Remittances

(d) Deposits of Branch Line Companies

62. One phase of the control of expenditure on Railways is a regular check of all estimates before they are sanctioned by the competent authority by the :

(a) Section Officer

(b) Finance Officer

(c) Assistant Section Officer

(d) Personnel Officer

63. The previous sanction of the higher authority is necessary to the keeping of a post sanctioned by the Railway Board unfilled for more than twelve months up to Junior Administrative Grade provided that if the post has remained unfilled for more than six months before operating the post, its justification is established afresh with the concurrence of the :

(a) General Manager

(b) Deputy General Manager

(c) Financial Advisor and Chief Accounts Officer

(d) Head of the Department

**64.** विशेष परिस्थितियों के कारण यदि एकल निविदा आधार पर परामर्शी संविदा नियत की जानी है, तो किसका वैयक्तिक अनुमोदन लेना अपेक्षित होगा, भले ही संविदा का मूल्य कुछ भी क्यों न हो ?

(a) महाप्रबंधक

(b) उप महाप्रबंधक

(c) वित्त सलाहकार और मुख्य लेखा अधिकारी

(d) विभागाध्यक्ष

**65.** संविदा के कारण उद्भूत किसी विवाद में मध्यस्थम् पंचाट द्वारा निपटाए गए दावों को किस स्तर से निचले स्तर के प्राधिकारी को पुन:प्रत्यायोजित नहीं करना चाहिए ?

(a) विभागाध्यक्ष

(b) निदेशक

(c) उप सचिव

(d) अवर सचिव

**66.** ड्यूटी के दौरान घायल हुए ऐसे रेल सेवकों को उस अवधि तक, जिस अवधि तक वे भर्ती रोगी रहते हैं तथा स्थायी रूप से अयोग्य घोषित किए जाने और सेवा-मुक्त किए जाने के बाद अनधिक एक वर्ष तक, किसी रेलवे अस्पताल या ग़ैर-रेलवे अस्पताल में भर्ती रोगी उपचार के अनुसार दिए जाने वाले नि:शुल्क आहार अथवा ऐसे आहार की लागत की प्रतिपूर्ति की मंजूरी देने की शक्तियाँ किसमें निहित हैं ?

(a) महाप्रबंधक

(b) उप महाप्रबंधक

(c) वित्त सलाहकार और मुख्य लेखा अधिकारी

(d) विभागाध्यक्ष

**67.** कार्यपालक इंजीनियर या उप-मंडल अधिकारी के मुख्यालय में कार्य का पर्यवेक्षण करने के लिए सामान्यतया किन्हें नियोजित किया जाता है ?

(a) मंडल अधिकारी

(b) इंजीनियरी अधीनस्थ

(c) अनुभाग अधिकारी (सेक्शन ऑफिसर)

(d) महाप्रबंधक

**68.** यह देखने के लिए कि प्राक्कलन में रेल निधि से प्रभारित किया जाने वाला प्रस्तावित व्यय उचित है और उन्हें इस तरह प्रभारित करना औचित्यपूर्ण है, व्यय के सभी प्रस्तावों की परीक्षा कौन करता है ?

(a) लेखा सहायक

(b) कार्यपालक अधिकारी

(c) वित्त अधिकारी

(d) अनुभाग अधिकारी (सेक्शन ऑफिसर)

**69.** निम्नलिखित में से ऐसा कौन-सा रिकॉर्ड है जिसके द्वारा निर्माण-कार्य पर लगाए गए नैमित्तिक मजदूर की मजदूरी का दावा किया जाता है ?

(a) मजदूरी रजिस्टर

(b) माप-बही

(c) वेतन पत्रक

(d) नाम पंजिका (Nominal Roll)

**70.** निम्नलिखित में से कौन-सा, अनुमानों के संदर्भ में निर्माण-कार्य (वर्क्स) पर होने वाले व्यय पर नियंत्रण के लिए व्यय का सामूहिक रिकॉर्ड है ?

(a) निर्माण-कार्य रजिस्टर

(b) कर्मचारी कल्याण निर्माण-कार्य

(c) कार्य-निष्पादन

(d) निर्माण-कार्य का मापन

64. If the consultancy contract is to be fixed only on a single tender basis due to special circumstances, whose personal approval would be required irrespective of the value of the contract ?

(a) General Manager

(b) Deputy General Manager

(c) Financial Advisor and Chief Accounts Officer

(d) Head of the Department

65. Claims settled by arbitration award against any dispute arising out of a contract should not be re-delegated to authorities below the level of :

(a) Head of the Department

(b) Director

(c) Deputy Secretary

(d) Under Secretary

66. Who has powers to sanction free diet or reimbursement of the cost of such diet, according as the indoor treatment is given in a Railway hospital or in a non-Railway hospital, to Railway servants injured in the course of duty for such period as they remain indoor patients, not extending beyond one year after they are declared permanently unfit and discharged from service ?

(a) General Manager

(b) Deputy General Manager

(c) Financial Advisor and Chief Accounts Officer

(d) Head of the Department

67. Who are generally employed to supervise work at the headquarters of the Executive Engineer or the Sub-divisional Officer ?

(a) Divisional Officers

(b) Engineering Subordinates

(c) Section Officers

(d) General Managers

68. Who is to examine all proposals for expenditure, with a view to see that the expenditure proposed to be charged to Railways funds in the estimate, is properly and legitimately so chargeable ?

(a) Accounts Assistant

(b) Executive Officer

(c) Finance Officer

(d) Section Officer

69. Which one of the following is a record through which the wages of casual labour engaged on works are claimed ?

(a) Wage Register

(b) Measurement Book

(c) Pay Roll

(d) Nominal Roll

70. Which one of the following is a collective record of expenditure designed for effecting control of expenditure on works with reference to estimates ?

(a) Register of Works

(b) Staff Welfare Works

(c) Execution of Work

(d) Measurement of Works

71. अप्रेंटिस को अपनी शारीरिक उपयुक्तता के संबंध में किसके द्वारा निर्धारित की गई डॉक्टरी परीक्षा (चिकित्सा जाँच) पास करनी होगी ?

(a) महाप्रबंधक

(b) उप महाप्रबंधक

(c) वित्त सलाहकार और मुख्य लेखा अधिकारी

(d) विभागाध्यक्ष

72. विभागीय चयन में टिकट कलेक्टर भी निम्नलिखित में से किस पद पर भर्ती के लिए विचार किए जाने के पात्र हैं ?

(a) लोको पायलट

(b) माल गार्ड

(c) वरिष्ठ सेक्शन इंजीनियर

(d) अनुभाग अधिकारी (सेक्शन ऑफिसर)

73. बिजली सिग्नल अनुरक्षक ग्रेड-III की कोटि में पदों को कैसे भरा जाएगा ?

(a) 25% पदों को विभागीय कर्मचारियों की पदोन्नति द्वारा

(b) 30% पदों को विभागीय कर्मचारियों की पदोन्नति द्वारा

(c) 50% पद सीधी भर्ती द्वारा

(d) 75% पद सीधी भर्ती द्वारा

74. डिपो सामग्री अधीक्षक ग्रेड-I की कोटि में रिक्तियों को कैसे भरा जाएगा ?

(a) 80% रिक्तियाँ विभागीय कर्मचारियों की पदोन्नति द्वारा

(b) 20% रिक्तियाँ विभागीय कर्मचारियों की पदोन्नति द्वारा

(c) 50% रिक्तियाँ सीधी भर्ती द्वारा

(d) 75% रिक्तियाँ सीधी भर्ती द्वारा

75. ITI उत्तीर्ण अर्हता वाले कुशल कारीगर कोटि में सीधी भर्ती किए गए उम्मीदवारों की प्रशिक्षण अवधि कितनी है ?

(a) 3 माह

(b) 6 माह

(c) 1 वर्ष

(d) 2 वर्ष

76. कार्यालय लिपिक की कोटि में पदों को कैसे भरा जाएगा ?

(a) 80% पद विभागीय कर्मचारियों की पदोन्नति द्वारा

(b) 20% पद विभागीय कर्मचारियों की पदोन्नति द्वारा

